पंजाब केसरी 01/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज ने सामाजिक जागरुकता हेतु चलाया हस्ताक्षर अभियान

गांव उगाड़ा में जागरुकता पैदा करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए एन.एस.एस. स्वयंसेवक व उपस्थित ग्रामीण। (देवदत्त)

अम्बाला, 30 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन गांव उगाड़ा में किया गया।

इस शिविर में महिलाओं की सुरक्षा, घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न आदि के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

शिविर की शुरुआत प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त के प्रेरक भाषण से हुई, जिन्होंने छात्राओं को महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं, अधिनियमों और कानूनों के बारे में बताया। उन्होंने भारत सरकार के विभिन्न अधिनियमों, कानूनों, हैल्पलाइन नंबर, ऑनलाइन पोर्टल और यौन उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए शी-बॉक्स के बारे में बताया। शिविर में कॉलेज के लगभग 100 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के साथ-साथ विभिन्न ग्रामीणों ने भाग लिया।

कॉलेज के प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों

अधिनियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी महिला के साथ घरेलू संबंधों में हिंसा या दुर्व्यवहार होता है, तो वह आरोपी व्यक्ति के खिलाफ शिकायत कर सकती है।

वहीं, महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकार कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण महिलाओं और समाज दोनों के लिए फायदेमंद है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे अपने परिवार का समर्थन कर सकती हैं और अपनी रचनात्मकता और ऊर्जा से परिवार और समुदाय की अर्थव्यवस्था को बढ़ने में मदद कर सकती हैं।

कार्यक्रम अधिकारी डा. सरोज ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां निश्चित रूप से महिलाओं को अपने निर्णय लेने और अपनी पसंद का जीवन जीने के लिए साधन, अवसर और स्वायत्तता प्रदान करने की प्रक्रिया के लिए वरदान साबित होंगी। गांव के सरपंच ने बताया कि यहां सरकार द्वारा चलाई गई महिला सशक्तिकरण स्कीमों